JALAUN POLICE

दिनांक- 10.11.2026

थाना एट पुलिस द्वारा जुआ खेलते हुए कुल 06 अभियुक्तगण को गिरफ्तार किया गया एवं उनके कब्जे से मालफड़/जामातलाशी से कुल 1,17,100/- रुपये व ताश गड्डी इत्यादि बरामद।

अपर पुलिस महानिदेशक महोदया, कानपुर जोन, कानपुर श्रीमती अनुपम कुलश्रेष्ठ एवं पुलिस महानिरीक्षक महोदय, झांसी परिक्षेत्र, झांसी श्री आकाश कुलहरि के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक जालौन श्री सुरेश चन्द्र रावत के पर्यवेक्षण तथा अपर पुलिस अधीक्षक जालौन डॉ0 ईशान सोनी के नेतृत्व में अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों तथा अवैध शराब, जुआ व सट्टा इत्यादि की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना एट पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर ग्राम पचोखरा में दबिश देकर जुआ खेलते हुए कुल 06 अभियुक्तगण को गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से मालफड़ के 86,500/- रुपये एवं जामा तलाशी से 30,600/- रुपये (कुल 1,17,100/- रुपये) एवं 52 अदद ताश पत्ते बरामद हुए हैं।

बरामदगी व गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना एट पर मु0अ0सं0 179/2026 धारा 3/4 सार्वजनिक जुआ अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

बरामदगी का विवरण-

1. 86,500 /- रुपये मालफड़ एवं 30600 /- रुपये जामा तलाशी **(कुल 1,17,100/- रुपये)**
2. 52 अदद ताश पत्ता

अभियुक्तगण का विवरण-

1. नितिन कुमार पुत्र रामकुमार, नि0 ग्राम जखौली, थाना एट, जिला जालौन
2. नितेश कुमार पुत्र विजय सिंह, नि0 मुहल्ला कोटरा मोड़, कस्बा व थाना एट, जिला जालौन
3. अनमोल पुत्र स्व0 अजय कुमार, नि0 ग्राम पचोखरा, थाना एट, जिला जालौन
4. रामजी पुत्र चन्द्र कुमार, नि0 ग्राम जखौली, थाना एट, जिला जालौन
5. रामराजा पुत्र राघवेन्द्र शरण, नि0 ग्राम पचोखरा, थाना एट, जिला जालौन
6. भानूप्रताप पुत्र रामस्वरूप, नि0 ग्राम पचोखरा, थाना एट, जिला जालौन

पुलिस टीम-

1. थानाध्यक्ष एट श्री शिवशंकर सिंह मय पुलिस टीम